nandgaon times feb-03-4.qxd 2/2/2026 11:56 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

दिग्विजय क्लब एप्रोच रोड एवं नाली निर्माण... पृष्ठ 2 | केंद्रीय बजट आर्थिक असमानता... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

मंगलवार, 03 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 112, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

सिरपुर को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध : साय

रायपुर । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सिरपुर को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके अंतर्गत आधुनिक सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, पर्यटक सुविधा केंद्र एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का टूरिस्ट कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का भव्य शुभारंभ अवसर पर आज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय उक्त बात कही हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सिरपुर की ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस गौरवशाली विरासत से परिचित हो सकें। उन्होंने जिलेवासियों को माघी पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महानदी के तट पर स्थित श्री गंधेश्वर महादेव के आशीर्वाद से यह क्षेत्र निरंतर विकास की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि सिरपुर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की सांस्कृतिक पहचान है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज जिले को लगभग 200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी गई है, जिससे सड़क, पुल, पेयजल , पर्यटन, पेयजल एवं अधोसंरचना के क्षेत्र में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज यहां मलेशिया,कोरिया, जापान के बौद्ध विचारक पधारे है, उनका मैं स्वागत करता हूं।उन्होंने कहा कि सिरपुर में सनातन, बौद्ध और जैन संस्कृति का विस्तार हुआ, यह संस्कृति का अदभुत संगम है। सिरपुर में पर्यटन के विकास की संभावनाओं को देखते हुए सरकार इसे विश्व धरोहरों में शामिल करने गंभीरता से प्रयास कर रही है। देश दुनिया में सिरपुर का नाम होगा। सिकासेर जलाशय से कोडार जलाशय में पानी लाने के लिए योजना पर शीघ्रता से कार्य जारी है। इससे क्षेत्र के किसानों को लगातार सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि सिरपुर महोत्सव आज जिले की विशिष्ट पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि सिरपुर महोत्सव के माध्यम से जिले को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। इससे युवाओं को आगे बढ़ने का मंच मिल रहा है और स्थानीय प्रतिभाओं को नई दिशा प्राप्त हो रही है। प्रभारी मंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं एवं गरीब वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

राजनांदगांव में दिग्विजय क्लब के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

कार्यकारी अध्यक्ष किशोर बेलावाले के प्रयास की हुई सराहना

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव की ऐतिहासिक, शैक्षणिक और खेल विरासत को आगे बढ़ाते हुए विगत रविवार को नगर निगम परिसर से लगे दिग्विजय क्लब परिसर में नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के राजाओं की दानवीरता, कल्पनाशीलता और जनकल्याणकारी सोच को याद करते हुए उन्हें नमन किया। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वर्ष 1935 में स्थापित दिग्विजय क्लब राजा की दूरदृष्टि का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने अपने महल और किले तक को दान कर शिक्षा को समर्पित किया, जो आज शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के नाम से छत्तीसगढ़ के प्रमुख संस्थानों में गिना जाता है। उन्होंने कहा कि राजा दिग्विजय दास जी केवल दानवीर ही नहीं, बल्कि अत्यंत दूरदर्शी और कल्पनाशील शासक थे। दिग्विजय महाविद्यालय की स्थापना, बीएनसी मिल, और रेलवे विस्तार जैसी योजनाएं उनकी विकासशील सोच को दर्शाती हैं। नगर विकास के लिए उन्होंने जल टंकियों, नालों और अन्य आधारभूत संरचनाओं का भी निर्माण कराया। डॉ. रमन सिंह ने दिग्विजय क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष किशोर बेलावाले की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने खेल गतिविधियों में विशेष रुचि लेते हुए क्लब के सदस्यों और सहयोगियों के साथ मिलकर इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को साकार किया है। उन्होंने कहा— किशोर बेलावाले और उनकी टीम ने शहर के बीचों-बीच आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित की हैं, जिससे राजनांदगांव के बच्चों और युवाओं को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। डॉ. रमन सिंह ने बताया कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आधुनिक जिम, दो बैडमिंटन कोर्ट, तथा टेबल टेनिस के लिए दो टेबल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे शहर में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में यहां राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी संभव हो सकेगा।

डॉ रमन ने राजनांदगांव के राजा की कल्पनाशीलता को किया नमन

वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी और कोच श्री आर एस. तिवाना का आत्मीय सम्मान

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला हॉकी संघ राजनंदगाँव द्वारा पूर्व हॉकी खिलाड़ी और कोच श्री आर. एस. तिवाना का अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में शाल श्रीफल भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि श्री टिवाना जैसे समर्पित खिलाड़ि और कोच अपने खेल, अनुशासन और संघर्ष के बल पर न केवल हॉकी को ऊँचाइयों तक पहुँचाया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत भी बने। उनका जीवन और अनुभव आज के युवा खिलाड़ियों के लिए मार्गदर्शक है।सम्मान समारोह के दौरान भावुक माहौल देखने को मिला। श्री टिवाना ने सम्मान के लिए जिला हॉकी संघ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हॉकी हमेशा उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है राजनंदगाँव के खिलाड़ियों के बीच आकर उन्हें पुरानी यादें ताज़ा हो गईं। ज्ञात हो कि श्री टिवाना पूर्व में राजनांदगाँव सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में पदस्थ रहे ,उनके मार्गदर्शन में अनेकों खिलाड़ियो ने प्रशिक्षण प्राप्त कर देश और प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया और आज स्थापित है ।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अन्सारी,जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता,कुतुबुद्दीन सोलंकी,रमेश डाकलिया,नीलम जैन,भूषण साव,छोटेलाल रामटेके,महेन्द्र सिंह ठाकुर,जिला हॉकी संघ के कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, प्रिंस भाटिया,मृणाल चौबे,प्रकाश शर्मा,अजय झा,दीपक यादव,चंदन भारतद्वाज,भागवत यादव,महेंद्र सिंह,संतोष चौकेंद्र,गुणवंत पटेल,दिग्विजय श्रीवास्तव, शिवा चौबे,शब्बीर हैदरी,परमजीत सिंह,खुशाल यादव,अशोक देवांगन,सचिन खोबरागड़े, योगेश द्विवेदी,संजू पटेल,अभिनव मिश्रा आशीष सिन्हा,अशोक नागवंशी,महबूब शरीफ़सुरेंद्र साहू,मुकेश जायसवाल,मनीष यादव,योगेश द्विवेदी,अखिलेश मिश्रा, आदि मौजूद थे।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्राकृतिक ऊर्जा से रोशन हो रहा प्रवीण का घर

बिजली बिल कम होने से हो रही आर्थिक बचत

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन में लगातार उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जा रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को अधिकतम 1 लाख 8 हजार रूपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे सोलर रूफ्टॉप स्थापना अब नागरिकों के लिए अधिक किफायती और सुलभ हो गई है। इसी कड़ी में राजनांदगांव लालबाग निवासी श्री प्रवीण शुक्ला ने 3 किलोवॉट का अपने छत में रूफ्टॉप सोलर पैनल लगाकर प्राकृतिक ऊर्जा से रोशनी प्राप्त कर रहे हैं। लालबाग निवासी श्री प्रवीण ने बताया कि वे वर्ष 2024 में 3 किलो वॉट का सोलर पैनल लगाया था। जिससे उनके बिजली बिल में कमी आई है और आर्थिक बचत हो रही है। श्री प्रवीण ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से प्रभावित होकर वे 3 किलो वॉट को बढ़ाकर 5 किलो वॉट का सोलर पैनल लगाने कहा सोच रहे हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक बचत होगी। श्री प्रवीण शुक्ला ने कहा कि भविष्य में प्राकृतिक खनिजों की कमी को देखते हुए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बहुत ही उपयोगी और अच्छी योजना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उन्हें शासन से सब्सिडी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि केन्द्र शासन और राज्य शासन द्वारा इस योजना के अंतर्गत सब्सिडी देने से जनसामान्य के लिए बहुत बड़ी राहत एवं मदद मिल रही है और प्राकृतिक ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए अनुदान प्रदाय करने से जनसामान्य के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने सभी को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से सोलर पैनल लगाकर प्राकृतिक ऊर्जा का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि योजना से बचत के साथ ही पर्यावरण को लाभ और नवीनीकरण योजना को बढ़ावा मिल रहा है।

महापौर ने लिया निर्माण कार्यो का जायजा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर विकास की कडी में नगर निगम राजनांदगांव द्वारा विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे है। विकास कार्यो के निरीक्षण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आज निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यो सर्वश्री सावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, पार्षद सर्वश्री सतीश मसीह, प्रमोद झंझाडे, कुलेश्वर ध्रुव, चंद्रशेखर लश्करे, पूर्व पार्षद सुश्री शैल यादव व श्री शरद सिन्हा, पूर्व नामांकित पार्षद श्री हकीम खान व श्री राजेश खण्डेलवाल के साथ महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पास निर्माणाधीन सामुदायिक भवन तथा रेल्वे स्टेशन रोड का निरीक्षण कर सौदर्यीकरण के लिए प्रक्रिया करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे को दिए। महावीर चौक के पास निर्माणाधीन सामुदायिक भवन निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव मंदिर समिति से चर्चा कर भवन निर्माण प्रगति की जानकारी लेकर उप अभियंता श्री तिलक राज ध्रव्व से कार्य में तेजी लाने कहा। उन्होंने कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत भवन के निर्माण में समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा नेशनल हाईवे मुख्य मार्ग के नजदीक होने के कारण भवन को साउण्डप्रुफ बनाने फ्लोसिलिंग कर एकास्टिक पेनल का उपयोग किया जाए एवं आवश्यकतानुसार विद्युतिकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार रेल्वे स्टेशन रोड निरीक्षण के दौरान स्टेशन के पास काम्पलेक्स निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण कर ड्राईंग डिजाईन देख निर्माण हेतु जल्द प्रक्रिया करने महापौर ने तकनीकि अधिकारियो को निर्देशित किए। उन्होंने रेल्वे स्टेशन रोड सौदर्यीकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देकर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने कहा।

स्वदेशी मेला में स्वच्छता पर विशेष फोकस, हकीम खान हुए सम्मानित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्टेट स्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में 22 जनवरी 2026 से 28 जनवरी 2026 तक आयोजित स्वदेशी मेला में इस वर्ष स्वच्छता को विशेष प्राथमिकता दी गई। मेले को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए किए गए प्रयासों के तहत स्वच्छता प्रहरी के रूप में उल्लेखनीय योगदान देने पर राजनांदगांव दक्षिण मंडल भाजपा के पूर्व महामंत्री एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य हकीम खान को सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री माननीय अरुण साव ने उन्हें सम्मानित करते हुए स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने की अपील की और कहा कि ऐसे प्रयास समाज को स्वच्छ और स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ाते हैं। साथ ही महापौर मधुसूदन यादव एबीस ग्रुप के चेयरमैन बहादुर अली भी मंच पर उपस्थित थे।

दर्री एनिकेट से लगे शिवनाथ तट की कुटिया में 23 साल की तपस्या : सिर्फ फलाहार पर जीवन

ब्रह्मचारी मंदिर दर्री खुज्जी में हर साल सवा लाखन आहुतियों का यज्ञ

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। खुज्जी दर्री एनीकेट से लगा ब्रम्हचारी आश्रम मंदिर में शिवनाथ नदी के शांत किनारे बनी एक साधारण कुटिया इन दिनों आस्था का केंद्र बनी हुई है। यहां ब्रम्हचारी संत त्रिलोचन महाराज पिछले 23 वर्षों से तपस्या में लीन हैं। वर्ष 2003 में गुरुपूर्णिमा के दिन लिया गया च्विश्व कल्याणज्ज् का संकल्प आज भी उतनी ही दृढ़ता से निभाया जा रहा है।

ब्रम्हचारी संत त्रिलोचन महाराज 14 साल तक बिना नमक किया सिर्फ़फलाहार का सेवन ,

ब्रम्हचारी संत त्रिलोचन महाराज ने चैत रामनवमी 2003 से फ्लाहार का ब्रत शुरू किया। वर्ष 2003 से 2007 तक उन्होंने पूर्णतः बिना नमक के आहार ग्रहण किया। उनका यह संकल्प पिछले 14 वर्षों तक जारी रहा और 2017 तक उन्होंने नमक का त्याग किया।

वर्तमान में वे सीमित मात्रा में सेंधा नमक और उबली हुई सब्जियां लेते हैं। उनका कहना है कि भोजन केवल शरीर को चलाने का माध्यम है, साधना का उद्देश्य नहीं।

दिन-रात भजन और विष्णु आराधना करते हैं संत त्रिलोचन

शिवनाथ तट की कुटिया में उनकी दिनचर्या प्रभु स्मरण से शुरू होती है। भगवान विष्णु की आराधना, जप, ध्यान और भजन उनका नियमित क्रम है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार रात भर कुटिया से भजन-संध्या की ध्वनि सुनाई देती है। नदी की लहरों और मंत्रोच्चार का संगम वहां एक अलग ही आध्यात्मिक वातावरण बनाता है।

हर वर्ष सवा लाख आहुतियों का यज्ञ होती है ब्रम्हचारी मंदिर के यज्ञ स्थल में, संत त्रिलोचन प्रतिवर्ष च्विश्व कल्याणज्ज् के उद्देश्य से सवा लाख आहुतियों का यज्ञ करते हैं। इसमें आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल होते हैं। यज्ञ का उद्देश्य मानवता की शांति, सद्भाव और पर्यावरण की शुद्धि बताया जाता है।

साधारण जीवन, गहरा प्रभाव

न कोई दिखावा, न प्रचार—संत त्रिलोचन की पहचान उनकी सादगी और निरंतर तपस्या है। 23 वर्षों से एक संकल्प पर टिके रहना ही उन्हें विशिष्ट बनाता है। शिवनाथ तट की यह कुटिया अब कई लोगों के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा का स्थल बन चुकी है। ब्रम्हचारी मंदिर में जनवरी के अंतिम सप्ताह से फरवरी के प्रथम सप्ताह तक मानस महोत्सव का,विशेष संगीतमय प्रस्तुतियां इन मानस मंडलियों द्वारा दी गई जिनमें सत्यम् शिवम् सुन्दरम् मानस परिवार, भरदाकला (बालोद) श्री सीताराम मानस परिवार, मुसराकला (डोंगरगढ़) पुष्पांजली लोक भजन मानस परिवार, कन्हारपुरी श्री नवदुर्गा मानस समिति, आमगांव मोर मयारू मानस परिवार, गुदगुदा (धमतरी) रंग छत्तीसा रूप, राजनांदगांव उमाशंकर मानस परिवार, दुर्ग प्रमुख रूप से है हिंदू धर्म के सर्व समाज के भगवान प्रतिमा स्थापित है यहां के मंदिर में , ब्रम्हचारी आश्रम मंदिर दर्री खुज्जी में हिंदू धर्म के सर्व समाज के सभी देवी देवताओं के प्रतिमा स्थापित किया गया है यहां पर प्रतिदिन छत्तीसगढ़ और बाहरी प्रांत के धर्म प्रेमी भक्तों श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए जुटी रहती हैं।

महाकाल चौक बना प्रदर्शन का केंद्र बार-बार जाम से आमजन बेहाल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव के मध्य स्थित मानव मंदिर क्षेत्र का महाकाल चौक अब विभिन्न संगठनों के राजनैतिक, धार्मिक जुलूसों, प्रदर्शन और धरना का प्रमुख स्थान बनता जा रहा है। आए दिन यहां प्रदर्शन होने से चौक पर लंबा जाम लग जाता है, जिससे आम नागरिकों, मरीजों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बार-बार जाम, आवाजाही प्रभावित

महाकाल चौक शहर का व्यस्ततम मार्ग होने के साथ कई प्रमुख सड़कों को जोड़ता है। प्रदर्शन के दौरान मार्ग अवरुद्ध होने से घंटों तक यातायात ठप रहता है। दोपहिया, चारपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल चलने वालों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

मरीज, छात्र और व्यापारी सबसे ज्यादा परेशान

मानव मंदिर क्षेत्र के आसपास अस्पताल, शिक्षण संस्थान और बाजार जाने का प्रमुख मार्ग होने के कारण जाम का सीधा असर गतिविधियों पर पड़ता है। कई बार एंबुलेंस और स्कूल बसों को भी वैकल्पिक मार्गों से घूमकर जाना पड़ता है।

प्रशासन से वैकल्पिक स्थल की मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन इसके लिए व्यस्त चौराहे को चुनना उचित नहीं। प्रशासन को शहर के बाहर या कम यातायात वाले क्षेत्रों में निर्धारित प्रदर्शन स्थल तय करना चाहिए, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और आमजन को राहत मिले।

आमजन की आवाज

एक स्थानीय नागरिक ने कहा, च्प्रदर्शन अपनी जगह सही है, लेकिन महाकाल चौक पर जाम लगने से रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित होती है। प्रशासन को स्थायी समाधान निकालना चाहिए। शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतंत्र की पहचान है, लेकिन जनहित और यातायात व्यवस्था का ध्यान रखते हुए उचित स्थान का चयन भी उतना ही जरूरी है।

nandgaon times feb-03-4.qxd 2/2/2026 11:56 PM Page 2

मंच संचालन के लिए वेद कुमारी साहू सम्मानित हुई

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। दिनांक 31 जनवरी और 1 फरवरी को दो दिवसीय भव्य देवी जस झांकी प्रतियोगिता ग्राम उसरीबोड में

आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती वेदकुमारी साहू (शिक्षिका) उद्घोषिका ने दो दिवसीय कार्यक्रम में मंच संचालन की भूमिका निभाई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेन्द्र मुदलियार अध्यक्ष , शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, ग्राम के सरपंच, पंचगण एवं आयोजक समिति के द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के विश्वंभर साहू,दिलीप कुमार साहू, गुलशन साहू, ज्ञानेश्वर साहू, थान सिंह साहू सहित सभी पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

जिला रजक समाज की बैठक सम्पन्न, मार्च में होगा होली मिलन समारोह व वार्षिक सम्मेलन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला रजक समाज की बैठक विगत दिनों सामुदायिक भवन, दीनदयाल नगर, राजनांदगांव में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला रजक समाज के अध्यक्ष डॉ. एल. आर. निर्मलकर ने की। डॉ. निर्मलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में 23 फरवरी को संत शिरोमणि पूज्य श्री संत गाडगे बाबा महाराज की जयंती के साथ सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित करना पड़ा। अब सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि होली मिलन समारोह, जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन मार्च माह में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए शीघ्र ही समस्त परिक्षेत्र अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारियों की पुनः बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी परिक्षेत्र अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। डॉ. निर्मलकर ने यह भी स्पष्ट किया कि 23 फरवरी को संत शिरोमणि पूज्य गाडगे बाबा महाराज की जयंती सामाजिक भवन, दीनदयाल नगर, राजनांदगांव में जिला पदाधिकारियों एवं समाजजनों की उपस्थिति में सादगीपूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला रजक समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला बजट-मूलचंद लोधी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा मूलचंद लोधी ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत सर्वहारा वर्ग के लिए बने

बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट पूर्ण रूप से किसान, गांव और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बजट है। इस बजट में किसानों की आय बढ़ाने, खेती को आधुनिक बनाने और कृषि से जुड़े हर वर्ग को लाभ पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस बजट में किसानों के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं, जिनसे खेती करना आसान होगा और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। कृषि क्षेत्र में नई तकनीक, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, फसल उत्पादन बढ़ाने के उपाय और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने से गांव की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। लोधी ने कहा कि यह बजट किसानों के भविष्य को सुरक्षित करने वाला है। सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसान देश की रीढ़ है और उसकी समृद्धि ही देश की समृद्धि है। किसानों को सस्ती दरों पर ऋण, कृषि उपकरणों पर सहायता, और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जैसे निर्णय सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट से छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। सरकार का उद्देश्य केवल फसल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में ठोस कदम उठाना है। अंत में मूलचंद लोधी ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह बजट किसानों के सपनों को साकार करने वाला है और ग्रामीण भारत को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

गांव, गरीब और किसान हितैषी बजट-डीकेश साहू

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला भाजपा के महामंत्री डीकेश

साहू ने केंद्रीय बजट 2026-27 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने वाला ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बजट बताया है। श्री साहू ने कहा कि केन्द्रीय बजट हमारे गावों, गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और देश के मूल निवासी जनजातीय वर्ग के कल्याण का मार्ग प्रसस्थ करेगा। सतत् विकास की अनवरत् प्रक्रिया के प्रवाह में केन्द्र सरकार ने बजट में समाज के हर वर्ग के समावेशी विकास और कल्याण की चिन्ता की है। प्रतिबद्धता से सराबोर और हर व्यक्ति के कल्याण के लिये अत्यंत संवेदनशील सरकार का यह एक दूरगामी व दूरदर्शी विकास का बजट है। वर्ष 2026-27 का बजट गांव और गरीब की, कृषि और किसान की तस्वीर तथा तकदीर बदलने वाला बजट है। भारतीय कृषि विकसित बने और किसान आत्मनिर्भर हों; इसके लिए बजट में कृषि तथा संबद्ध क्षेत्र हेतु ?1,62,671 करोड़ का प्रावधान किया है। बजट वर्ष 2047 के आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध भारत की मजबूत नींव रख रहा है। किसान, युवा, महिला और गरीब ङ्क देश की इन चारों जातियों के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का यह बजट एक नया अध्याय लिख रहा है।

नाम परिवर्तन

मैं, बहादुर ठाकुर पिता श्री झरियार ठाकुर जाति गोड़ ग्राम सेंदरी, तहसील-लालबहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूँ। जो कि मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड में उनका नाम भगी ठाकुर दर्ज है। जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर सही नाम धारणी ठाकुर पिता श्री बहादुर ठाकुर दर्ज किया जावे।

बहादुर ठाकुर
पिता श्री झरियार ठाकुर
निवासी ग्राम सेंदरी
तहसील लालबहादुर नगर
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

शुभांक
4-6-9
379-9 489-1
भाग्यांक
129-2 170-8

दिग्विजय क्लब एप्रोच रोड एवं नाली निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्ड विकास के लिए स्वीकृत राशि से वार्ड नं. 14 दिग्विजय क्लब में 9.90 लाख रूपये की लागत से एप्रोच रोड एवं नाली निर्माण के लिए क्लब में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के अध्यक्ष श्री संचिन बघेल, क्लब के अध्यक्ष श्री किशोर बेलावाला तथा क्लब के पदाधिकारियो एवं निगम पदाधिकारियो की उपस्थिति में भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन के पश्चात वार्डो में विकास कार्य कराने शासन ने अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि से राशि स्वीकृत किए। जिससे वार्डो में मूलभूत सुविधा रोड नाली के अलावा सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान का निर्माण वार्डो में आवश्यकता अनुसार कराया जा रहा है। इसी कडी में आज दिग्विजय क्लब में लगभग 10 लाख रूपये की लागत से एप्रोच रोड तथा नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। उक्त कार्य जल्द प्रारंभ किया जायेगा ताकि क्लब वालो

को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि दिग्विजय क्लब बहुत पुरानी संस्था है, जहाँ विभिन्न गतिविधिया संचालित की जाती है। गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष माननीय डॉ. रमन सिंह जी ने क्लब में निर्मित काम्पलेक्स एंव बेडमिंटन कोड का लोकार्पण किया था। दिग्विजय क्लब वरिष्ठ पदाधिकारियो के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में इसी प्रकार उतरोत्तर प्रगति करे ऐसी मै कामना करता हूँ। दिग्विजय क्लब में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर श्री यादव सहित क्लब के वरिष्ठ श्री सुरेश एच.लाल, श्री श्रीकिशन खण्डेलवाल, श्री मनोज चितलांगिया, श्री अजय सिंह, डॉ. उत्तम चावडा, श्री अंजुम अल्वी, श्री आनंद वर्गीस, श्री उमाकांत भारतद्वाज, श्री त्रिगुण टांक, प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री संचिन अग्रहरि, पूर्व अध्यक्ष श्री जितेन्द्र मिश्रा सहित नगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यो सर्वश्री सावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, पार्षद सर्वश्री सतीश मसीह, प्रमोद झंझाडे, कुलेश्वर ध्रुव, चंद्रशेखर लशकरे, पूर्व पार्षद सुश्री शैल यादव व श्री शरद सिन्हा, पूर्व नामांकित पार्षद श्री हकीम खान ने पूर्जा अर्चना कर गेती चलाकर भूमिपूजन किया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे, प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू, उप अभियंता श्री मुनेन्द्र साटिया एवं श्री तिलक राज ध्रुव उपस्थित थे।

केंद्रीय बजट 2026 स्वदेशी, सुरक्षा और समावेशी विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम - अशोक चौधरी

राजनांदगांव। केंद्रीय बजट 2026 को लेकर भाजपा नेता अशोक चौधरी ने इसे भारत को वैश्विक रूप से अग्रणी बनाने वाला, स्वदेशी सोच से प्रेरित और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रस्तुत करता है जिसमें आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन का समावेश है। श्री चौधरी ने आगे कहा कि इस बार के बजट में स्वदेशी पर विशेष जोर दिया गया है। समुद्री जहाजों को स्वदेशी फ्रमूंले से बनाने

की घोषणा को उन्होंने एक बड़ी और दूरदर्शी पहल बताया। इसके साथ ही तीन आयुर्वेदिक एम्स स्थापित करने की घोषणा को ऐतिहासिक करार देते हुए उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से इस बात की सराहना की कि आयुर्वेदिक एम्स केरल और तमिलनाडु जैसे विपक्ष-शासित राज्यों में स्थापित किए जाएंगे जो यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार ने विकास के मामले में पक्ष और विपक्ष में कोई भेदभाव नहीं किया है। गारमेंट और टेक्सटाइल सेक्टर के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है। ट्रांसपोर्ट सेक्टर में 20 नए जल मार्गों के निर्माण की घोषणा से आवागमन और माल ढुलाई दोनों ही आसान होंगे जिससे व्यापार और उद्योग को नई रफ्तार मिलेगी। रेलवे क्षेत्र में 7 नए कॉरिडोर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है वहीं सड़क और रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए विशेष बजटीय प्रावधान किए गए हैं। इसके साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए भी अलग से विशेष बजट का प्रावधान किया गया है। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों से उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए रक्षा बजट में 1 लाख 35 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 7 लाख 85 हजार करोड़ रुपये किया गया है जो देश की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करेगा। बजट में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों को व्यापक रूप से लागू करने की घोषणा की गई है, जिससे युवाओं को भविष्य में स्थायी रोजगार मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी। किसानों के लिए विशेष रूप से पशुपालन पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिसमें किसानों को लगभग 16 प्रतिशत तक लाभ प्राप्त होता है। इसके अलावा वैज्ञानिक आधार पर प्रशिक्षण, नारियल और चंदन जैसे दीर्घकालिक लाभ देने वाले वृक्षों के रोपण को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया है जिससे किसानों की आय वर्षों तक सुनिश्चित हो सकेगी। वर्ष 2014-15 में जहां देश का बजट लगभग 16 लाख करोड़ रुपये था, वहीं 2026 में यह बढ़कर 53 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक मजबूती और विकास यात्रा को दर्शाता है। अपने बयान के अंत में भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कहा हम इस बजट का स्वागत करते हैं और विश्वास करते हैं कि इसके माध्यम से भारत हर क्षेत्र में प्रगति करेगा। यह बजट विकसित, आत्मनिर्भर और सुरक्षित भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है।

कक्षा की चार दीवारों के भीतर उन्होंने बच्चों के सपनों को उड़ान दी : संजय सिन्हा

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। छुरिया विकासखंड के ग्राम मोरकुटुंब में वार्षिक उत्सव एवं शिक्षक विदाई समारोह के मुख्यतिथि संजय कुमार

सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया व विशेष अतिथि के रूप में जनक साहू शिक्षक श्रीमती निर्मला साहू,मयाराम साहू,टीकम साहू,श्रीमती विशाखा बाई साहू सरपंच रहे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि आज का यह अवसर हमारे लिए भावुक करने वाला है।क्योंकि आज हम उस दीपक को सम्मानपूर्वक विदा दे रहे हैं,जिसने वर्षों तक ज्ञान की लौ जलाकर अनेकों जीवनों को उजाले की दिशा दिखाई। वे बच्चों के मार्गदर्शक, प्रेरणास्रोत और अनुशासन के सजीव उदाहरण रहे हैं। उनकी वाणी में स्नेह था, समझाने में धैर्य था और पढ़ाने में अद्भुत कला। उन्होंने बच्चों को केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाया।

बल्कि जीवन को जीने की सीख दी- सत्य, समय, संस्कार और संघर्ष का महत्व समझाया। कक्षा की चार दीवारों के भीतर उन्होंने हमारे सपनों को उड़ान दी। आज भले ही वे इस विद्यालय से सेवा-निवृत्त हो रहे हों,पर उनका ज्ञान, उनके संस्कार और उनकी स्मृतियाँ हमारे मन-मस्तिष्क में सदा जीवित रहेंगी। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आपका आने वाला जीवन स्वस्थ, सुखमय और सम्मान से भरा हो। दोनों शिक्षक और शिक्षिका पदोन्नति उपरांत आमगांव और मरकाकसा प्रधान पाठक चले गए,जिनका योगदान प्राथमिक शाला को पीएम श्री स्कूल का दर्जा दिलाने बड़ी योगदान रही । साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति ने लोगों का उत्साह बढ़ाया।

विकसित भारत की संकल्पना साकार करने वाला जनहितैषी बजट - ऋषिदेव चौधरी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लोकसभा में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 का हार्दिक स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री ऋषिदेव चौधरी ने अपनी प्रतिक्रिया जारी करते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की दूरदर्शी नीतियों का प्रतिबिंब है, जो आर्थिक विकास को गति देने, जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के तीन प्रमुख कर्तव्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल आर्थिक मजबूती प्रदान करता है, बल्कि भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाता है। ऋषिदेव चौधरी ने आगे कहा कि इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं करना , 3 आयुर्वेदिक एम्स खोले जाने की घोषणा, मेडिकल ट्रूरिज्म को बढ़ाने के लिए 5 मेडिकल हब की घोषणा , कैंसर की 17 दवाओं पर से आयात शुल्क हटाया जाना , हौमोफिलिया, सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां ड्यूटी

फ्री करना , 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा, 5 लाख से ज्यादा आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास के लिए ?12.2 लाख करोड़ खर्च करने का ऐलान, 15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब?स बनाने की घोषणा , 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनाने की घोषणा सहित ऐसे तमाम चीजों को बजट में शामिल किया गया है जो आम जनता के उज्जवल भविष्य की के लिए मिशाल साबित होंगी । ऋषिदेव चौधरी ने विस्तार से बताया कि बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर को रिकॉर्ड 12.2 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाया गया है, जो पिछले वर्ष के 11.2 लाख करोड़ रुपये से 11.5त्न अधिक है। यह निवेश बुनियादी ढांचे के विकास, सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और शहरी परियोजनाओं को मजबूत करेगा, जिससे लाखों रोजगार सृजित होंगे और आर्थिक गति में तेजी आएगी। यह ना सिर्फदेश के विकास के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा अपितु आम जनता तक उसके लाभ सीधे तौर पर देखे जाएंगे ।

कबीरधाम पुलिस का जनजागरूकता अभियान जारी कबड्डी प्रतियोगिता में दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह के निर्देश पर जिले में निरंतर जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना तेरगांव अंतर्गत ग्राम मगरवाड़ा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान कबीरधाम पुलिस के अधिकारी एवं जवान उपस्थित हुए। इस अवसर पर खेल मैदान में मौजूद खिलाड़ियों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों तथा समुदाय के लोगों को नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज क् तीनों के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे खेल और शिक्षा की ओर ध्यान दें तथा नशे से दूर रहें।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा यातायात नियमों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के महत्व, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन, खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने सामूहिक रूप से नशामुक्त समाज बनाने की शपथ ली। कबीरधाम पुलिस का यह प्रयास केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को जागरूक, सुरक्षित और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। पुलिस विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी अभियान जारी रखे जाएंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने मनाया रजत जयंती

साल्हेवारा (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी साल्हेवारा सब स्टेशन में 25 वर्ष पुर्ण होने पर धूमधाम से रजत जंयती मनाया गया।

विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता उपासना मीर्य साल्हेवारा ने बतायी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण हुये 25 वर्ष पुर्ण हो गये हैं।जिसे हमारे विद्युत वितरण कंपनी शानदार 25 वर्ष पुर्ण होने की खुशी में क्षेत्रीय प्रतिनिधियों एवं उपभोक्ताओं की उपस्थिति में रजत जंयती मनाने का यह पहला अवसर रहा है। वहीं हरि प्रसाद जंघेल कनिष्ठ अभियंता गंडई ने अपने उद्बोधन में कहा रजत जंयती समारोह में उपस्थित उपभोक्ताओं को सूर्य सोलर योजना सब्सिडी की जानकारी कस्टमरों को दिया। सुर्य सोलर मुफ्त बिजली योजना के वेंडर ने योजना की डिटेल जानकारी देते हुए बताया 1 किलो वाट सोलर सिस्टम के लिए केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार एवं राज्य सरकार द्वारा 15 हजार की सब्सिडी दी जा रही है।वही 2 किलो वाट के लिए 60 हजार केश केंद्र सरकार 30हजार राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाएगी 3 किलो वाट के लिए 78 हजार केंद्र सरकार एवं 30 हजार राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी दी जा रही है।बाकी मार्जिन मनी ग्रामीण बैंक से लोन लेकर 10वर्षों में आसान किस्त के माध्यम से पटाया जा सकता है। पहले नगद राशि देकर वेंडर से पूरा सिस्टम लगवाये मुफ्त सूर्य योजना लग जाने के बाद सब्सिडी सीधा कस्टमर के खाते में भेज दिया जायेगा। बाकी बैंक लोन 6 प्रतिशत ब्याज दरों पर बैंक में पटा सकतें हैं।जिससे बार बार बिजली आफिस का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। मुख्य अतिथि रहे निजाम सिंह मंडावी ने वनांचल क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निरंतर जारी रखने विद्युत विहिन ग्रामों में जल्द सर्वे कर सभी जगह बिजली पहुंचाने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कहा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निजाम सिंह मंडावी विशिष्ट अतिथि चन्द्रभूषण यदु,दशरथ पटेल सरपंच साल्हेवारा,ललित सोनी साल्हेवारा सोसायटी अध्यक्ष,जनपद सदस्य मन्नु मरकाम , कमलेश जंघेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि पवार सिंह,सतीश वर्मा, मोहित रजक,उपासना मीर्य कनिष्ठ अभियंता साल्हेवारा हरिराम जंघेल कनिष्ठ अभियंता गंडई अनिल साहू कार्यालय सहायक कुलेश्वर साहू लाइनमैन की उपस्थिति में रजत जंयती समारोह संपन्न हुआ। साथ ही बी पी एल श्रेणी के नियमित बिजली बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं एवं घरेलू बिजली के उपभोक्ताओं कृषि पंप कनेक्शन धारकों को प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।

मातेखेड़ा के तीन छात्राओं का राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयन

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। छुरिया विकास खंड के मिडिल स्कूल मातेखेड़ा से 3 बच्चों का चयन 35वी सब जूनियर खो- खो प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र, हरियाणा के लिए हुआ है। 31 जनवरी से 4 फरवरी तक प्रतियोगिता शुरू हो गया जिसमें छत्तीसगढ़ टीम मे मिडिल स्कूल मातेखेड़ा के कु. मोनिका पिता सुरेश कुमार कक्षा 8वी,कु. पुष्पांजलि पिता भुवन कक्षा 8वीं और कैलाश पिता बृजभूषण कुमार कक्षा 6वीं प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हरियाणा रवाना हुए हैं। इनमें से कु.पुष्पांजली पटेल पिता भुवन पटेल ग्राम बाम्हण मासूल की निवासी है।ब्राम्हण मासूल के राष्ट्रीय स्तर पर खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाली पहली छात्रा होने के कारण गांव में खुशी का माहौल बन गया है। इस अवसर पर मातेखेड़ा मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक शेरसिंह परतेती, संस्था के शिक्षकगण जसवंत कुमार साहू, रूपचंद हमराज ,प्राथमिक शाला के प्रधान पाठिका दिनेश्वरी साहू, अमर दास बंजारे, जय नारायण सर्वा, संजय कोर्राम,

संकुल प्राचार्य व्ही.के. मंडलोई,संकुल समन्वयक टोमन साहू, पीटीआई अखिलेश खरे, मातेखेड़ा के सरपंच गोपाल सेन, उपसरपंच मनोज कुमार साहू, सुखी राम नेताम के साथ ही उनके खो- खो कोच भारत लाल कोटेलकर,काझुबंजारी के पूर्व संकुल समन्वयक दिनेश कुंरेटी,सहायक कोच खिलेश्वर,निषाद रामदास साहू आदि सहित ग्राम के गणमान्य जनों ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना किया है विदित हो कि भारत लाल कोटेलकर बच्चों को शाम सुबह खो खो कोचिंग देकर तरास रहे है जिनका परिणाम इस वर्ष बहुत अच्छा रहा शालेय खेल मे सब जूनियर मे दुर्ग संभाग मे लड़किया प्रथम स्थान प्राप्त किया था तथा इसी शालेय खेल मे 5 खिलाडी का राज्य स्तरीय मे चयन हुआ था जूनियर वर्ग मे तीन खिलाडियों का राज्य स्तरीय मे चयन तथा ईश कुमार का चयन नेशनल शालेय खेल अयोध्या मे चयन हुआ था इसके साथ ही खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत 5 खिलाडियों का चयन जूनियर वर्ग मे बेंगलुरु मे हुआ था।

nandgaon times feb-03-4.qxd 2/2/2026 11:56 PM Page 3

ज्ञान मंथन

1) 2024 के एशियाई ईस्पोर्ट्स खेलों में बैंकॉक में ईफुटबॉल में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी कौन हैं?

2) विश्व का कौन-सा मंदिर इटली के पोम्पेई को पछाड़कर दुनिया का आठवां अजूबा बन गया है?

3) जनवरी 2025 में किस देश ने मृत्युदंड को समाप्त कर दिया है?

4) लाताकिया बंदरगाह, जो खबरों में देखा गया, किस देश में स्थित है?

5) किस देश ने लिग्नोसेट नामक दुनिया का पहला

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) पवन कपेली (2) कम्बोडिया (3) जिम्बाब्वे (4) सीरिया (5) जापान

केंद्रीय बजट आर्थिक असमानता और सरकार की नीतिगत विफलता को दर्शाता है

राजनांदगांव। जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सैय्यद अफ़ज़ल अली ने कहा के केंद्रीय बजट-2026 की घोषणाओं के बाद देश में निराशा का माहौल है। ये हताशा मोदी सरकारी के दावों और ज़मीनी हकीकत के बीच की गहरी खाई को साफ़दर्शाती है।

आखिर ये बजट किसके लिए था..? बेरोज़गार युवा, हताश व्यापारी, टैक्स के बोझ तले दबा मध्यम वर्ग, संकट से जूझते किसान, बंद होते स्टार्ट-अप, बाज़ार सबके हिस्से में सिर्फ़ निराशा आई है। सैय्यद अफ़ज़ल ने कहा 2026 का केंद्रीय बजट साफ़बता रहा है कि मध्यम वर्गीय व्यापारी, किसान, खेती और मेहनतकश अब सरकार की प्राथमिकताओं में नहीं रहे। यह कोई चूक नहीं, बल्कि एक राजनीतिक घोषणा है। पहली बार ऐसा बजट आया है जिसमें न किसान का ज़िक्र है, न सिंचाई, न खाद-बीज और न ही खेतिहर मज़दूर की चिंता। अन्नदाता को पूरी तरह नज़रअंदाज़ कर दिया गया है। महंगाई बेकाबू है, आम आदमी की ज़िंदगी लगातार महँगी होती जा रही है, लेकिन बजट में जनता को टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई। यह सीधा टैक्स-शोषण है। इसके उलट,

अमीरों के कारोबार, लग्ज़री खर्च और ऐशो-आराम पर छूटें दी गईं, जबकि बेरोज़गारी और बेकारी से जूझ रहे युवाओं व मध्यम वर्ग की उम्मीदें खाली रह गईं। यह बजट आम जनता का नहीं, बल्कि सत्ता के अपने लोगों को फ़ायदा पहुँचाने का दस्तावेज़ है। इसमें भ्रष्टाचार को ढकने और व्हाइट मनी के रास्ते खोलने की कोशिश साफ़ दिखती है। यह जनविरोधी, किसान-विरोधी और गरीब-विरोधी बजट है, जिसका हम पुरज़ोर विरोध करते हैं। देश को सरकार का जुल्म नहीं, इंसाफ़ चाहिए - बजट जनता का होना चाहिए, न कि चुनिंदा लोगों का। व्यापारी-कारोबारी बजट से निराश आम जनता की जेब में सीधा पैसा डालकर उनको आर्थिक रूप से संबल देने करने का काम करेगी परंतु यह बजट आम जनता की उम्मीद और अपेक्षाओं के पूरी तरह विपरीत और निराशाजनक रहा। एक तरफवित्त मंत्री सीतारमण जी बजट पेश कर रही थी, दूसरी तरफशेयर बाजार औंधे मुंह गिर रहा था।जो इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण है कि इस बजट से देश का कारोबारी और व्यापारी बुरी तरह हताश और निराश है। सैय्यद अफ़ज़ल ने कहा कि देश का बजट सिर्फ आय और व्यय का ब्यौरा नहीं होता,बल्कि यह वर्तमान सरकार का पालिसी डाक्युमेंटश् होता है। जो यह बताता है कि आने वाले वित्तीय वर्ष में सरकार आम जनता के हितों के लिए किस प्रकार से काम करेगी। क्या ब्लुप्रिंट और क्या कार्य योजना होगी।परंतु यह बजट पूरी तरह से बिना रोडमैप का दिशाहीन और उद्देश्य विहीन बजट है। केंद्र सरकार का यह बजट विकसित भारत का बजट न होकर कारपोरेट घराने को फ़ायदा पहुंचाने का बजट है।

डॉ रमन सिंह के प्रयासों से 2 करोड़ 8 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई

राजनांदगांव विधानसभा के ग्रामों में 45 कार्यो के लिए कार्यादेश जारी, ग्रामीण भाजपा ने जताया हर्ष

राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह लगातार अपनी विधानसभा के विकास कार्यों के लिए सतत प्रयास करते रहते हैं ,और लगातार विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करने में लगे रहते हैं इसी कड़ी में आज डॉ रमन सिंह ने अपने विधानसभा के 45 कार्यों हेतु 2 करोड़ 8 लख रुपए की स्वीकृति प्रदान करवाई । विदित हो कि वित्तीय वर्ष 25 -26 में भाग संख्या 80 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के लिए राशि में से प्रवधानित राशि की स्वीकृति प्रदान की गई । इस हेतु माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण द्वारा क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए डॉ रमन सिंह द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर अमल करते हुए 2 करोड आठ लाख दस हजार रुपए की स्वीकृति प्राधिकरण के अनुमोदन की प्रत्याशा में दी गई है , जिसके अनुसार राजनांद गांव विधानसभा क्षेत्र के निम्न कार्यों की स्वीकृति दी गई है किचन शेड प्राथमिक शाला भवन ग्राम बम्हनी विकासखंड व जिला राजनांदगांव हेतु 5 लाख रुपए , नाली निर्माण शीतला मंदिर से नया तालाब ग्राम धनगांव हेतु 6 लाख रुपए, नाली निर्माण वार्ड नंबर 3 एवं 7 ग्राम बरगा चार लाख रुपए, सीसी रोड निर्माण जी रोड से तालाब तक ग्राम भानपुरी 5.20 लख रुपए, सीसी रोड निर्माण जी ई रोड से जसपाल घर तक ग्राम धर्मपुर 5.20 लख रुपए, निर्मला घाट निर्माण शीतल तालाब पार ग्राम भोथीपार खुर्द 5.20 लाख रुपए, नाली निर्माण

शीतला मंदिर स्कूल के पास ग्राम कोपेडीह 74 लाख रुपये, सांस्कृतिक मंच निर्माण शीतला पारा ग्राम धामनसरा 2.50 लख रुपए, निर्मला घाट निर्माण रपटा तालाब ग्राम पनेका 75 लाख रुपये, निर्मला घाट निर्माण राजगामी तालाब में ग्राम बाकल 5.20 लाख रुपए, सीसी रोड निर्माण कार्य शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला के पास ग्राम रीवागहन 75 लाख रुपए, निर्मला घाट निर्माणकार्य छोटा तालाब में ग्राम सुंदरा विकासखंड 5 लाख रुपए, । निर्मला घाट निर्माण नया तालाब में ग्राम पारीकला 5 लाख रुपये, सीसी रोड निर्माण कार्य मुख्य मार्ग से डालू घर तक 5.20 लाख रुपए, सीसी रोड निर्माण कार्य गोपाल साहू घर से शमशान घाट तक ग्राम रानीतराई 5.20 लाख रुपए, कंक्रीटी कारण निर्माण कार्य कोथा में ग्राम बोरी 5.20 लख रुपए, नाली निर्माण कार्य चमारराय वर्मा घर से हालर चौक तक ग्राम डिलापहरी 6 लाख रुपए, सीसी रोड निर्माण कार्य मुख्य मार्ग से मुक्तिधाम तक ग्राम बरगाही 5.20 लाख रुपए,मंच निर्माण कैलाश नगर ग्राम जगलेश्वर 3 लाख रुपए, सीसी रोड निर्माण वार्ड नंबर 5 ग्राम सुरगी 5.20 लाख भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विकास कार्यों की स्वीकृति पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, रोहित चंद्राकर, लीलाधर टांक,जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, सहित भाजपा नेताओ ने विकास कार्यों की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है ।

आम बजट से जनता निराश, महंगाई-बेरोज़गारी पर सरकार की चुप्पी

राजनांदगांव। आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने कहा गया कि केंद्र सरकार

द्वारा पेश किया गया यह बजट आम जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है। बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी और किसानों की बदहाली जैसे गंभीर मुद्दों पर बजट में कोई ठोस समाधान नहीं दिखता। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल और रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुएं लगातार महंगी हो रही हैं, लेकिन आम आदमी को राहत देने के लिए कोई प्रभावी प्रावधान नहीं किया गया। प्रतिक्रिया में कहा गया कि देश का युवा वर्ग आज बेरोज़गारी से जूझ रहा है, लेकिन बजट में न तो बड़े पैमाने पर सरकारी भर्तियों की घोषणा की गई और न ही स्थायी रोजगार सृजन की कोई स्पष्ट नीति सामने आई। किसानों की एमएसपी की कानूनी गारंटी जैसी प्रमुख मांग को एक बार फिर नजरअंदाज किया गया, जबकि खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही है। यह भी कहा गया कि छत्तीसगढ़ जैसे संसाधन-समृद्ध राज्य के लिए बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया, जिससे राज्य की जनता स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में भी बजट की प्राथमिकताएं कमजोर नजर आती हैं। कुल मिलाकर यह बजट बड़े दावों और आंकड़ों तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर आम नागरिक की समस्याओं का समाधान इसमें दिखाई नहीं देता।

जनपद पंचायत सीईओ ने निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का किया औचक निरीक्षण

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी निखत सुल्ताना ने आज ग्राम पंचायत बेलौदी एवं मटिया ह के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने हितग्राहियों से आवास निर्माण की प्रगति, भुगतान की स्थिति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से प्राप्त लाभों की जानकारी ली। उन्होंने अप्रारंभ आवास के हितग्राहियों को जल्द आवास निर्माण शुरू कराने तथा निर्माणाधीन आवास के हितग्राहियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ ने हितग्राहियों को आश्वस्त किया कि किस्त राशि आवास निर्माण के अनुरूप जल्द प्राप्त होंगी, इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब नहीं होगा। उन्होंने संबंधित सचिव एवं रोजगार सहायक को गुणवत्तायुक्त आवास निर्माण करने के निर्देश भी दिए।

चयन परीक्षा का आयोजन 07 फरवरी को

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। शिक्षा सत्र 2026-27 में जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 09वीं एवं 11वीं हेतु लेटरल एंट्री प्रवेश चयन परीक्षा का आयोजन 07 फरवरी 2026 को जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक किया जाएगा। जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली के प्राचार्य ने बताया कि उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए 9वीं हेतु 135 एवं 11वीं में 205 छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी वेबसाईट पर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही उक्त संबंध में अधिक जानकारी पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली से संपर्क किया जा सकता है।

महतारी वंदन योजना से आत्मनिर्भर बनी पूर्णिमा तिवारी

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(दैनिक अमर स्तम्भ)। कवर्धा जिले के वार्ड क्रमांक 08 में रहने वाली पूर्णिमा तिवारी आज आत्मनिर्भर बनने की मिसाल हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला दिया है। श्रीमती पूर्णिमा तिवारी को इस योजना के तहत हर महीने 1 हजार रुपये की सहायता मिलती है। यह राशि सीधे उनके बैंक खाते में समय पर जमा हो जाती है। अब तक उन्हें योजना की 24 किस्तें मिल चुकी हैं और कुल 24 हजार रुपये की सहायता प्राप्त हुई है। पूर्णिमा बताती हैं कि इस राशि से उनकी रोज़मर्रा की छोटी-छोटी जरूरतें आसानी से पूरी हो जाती हैं। पहले किचन का सामान या अपनी निजी जरूरतों के लिए उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब वे खुद फैसले ले पा रही हैं। उन्होंने इस पैसे से कड़ाही, शिलबट्टा जैसे ज़रूरी घरेलू सामान भी खरीदे हैं। वे कहती हैं कि योजना की सबसे अच्छी बात यह है कि पैसे समय पर मिल जाते हैं। हर महीने की शुरुआत में राशि खाते में आ जाने से उन्हें आर्थिक सुरक्षा महसूस होती है और घर का बजट संभालना आसान हो गया है।



2047 के विकसित भारत की नींव रखने वाला सशक्त बजट : डॉ. रेखा मेश्राम

राजनांदगांव। वरिष्ठ भाजपा नेत्री डॉ. रेखा मेश्राम ने केंद्रीय बजट 2026ङ्क27 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विज़न विकसित भारत 2047 को साकार करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवीं बार लोकसभा में प्रस्तुत किया गया यह बजट देश के हर वर्ग गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, युवा और उद्यमियों के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। डॉ. मेश्राम ने आगे कहा कि यह बजट पूरी तरह से सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर आधारित है। इसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। बजट न केवल आर्थिक मजबूती देता है बल्कि सामाजिक समावेशन को भी सुदृढ़ करता है। इस बजट में स्वास्थ्य और मेडिकल सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया गया है। कैंसर सहित 17 जीवनरक्षक दवाइयों को सस्ता करने का प्रावधान आम नागरिकों, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत है। इससे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ और किफायती बनेंगी। बजट में रूरूस्श्व यानी छोटे और मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देकर रोजगार सृजन और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बल दिया गया है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की

दिशा में एक मजबूत कदम है, जो देश की अर्थव्यवस्था को और सशक्त करेगा। बजट की सबसे बड़ी उपलब्धियों में महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर किए गए प्रावधानों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों की बहनों के लिए स॥श्व रूडुहड्डह्ल की स्थापना 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष योजनाएं ये सभी कदम महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाएंगे। बजट में हर जिले में कामकाजी महिलाओं के लिए बालिका छात्रावास की व्यवस्था एक ऐतिहासिक और सराहनीय निर्णय है। साथ ही, उच्च शिक्षा और कौशल विकास में महिलाओं की 33ब भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष नीतियों पर कार्य करने का प्रावधान महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देगा। अपने वक्तव्य के अंत में डॉ. रेखा मेश्राम ने कहा कि यह बजट भारत की आर्थिक मजबूती महिलाओं, युवाओं और उद्यमियों का सशक्तिकरण और विकसित, आत्मनिर्भर व समृद्ध भारत के निर्माण की ठोस नींव है। उन्होंने इस जनकल्याणकारी बजट के लिए माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

बजट में कस्टम्स ड्यूटी राहतों से उद्योगों को मिलेगी नई रफ्तार - आलोक बिंदल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। केंद्रीय बजट में कस्टम्स ड्यूटी और कर संरचना से जुड़ी अहम राहतों को लेकर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा की गई घोषणाएं उद्योगों के लिए उत्पादन, निवेश और निर्यात को बढ़ावा देने वाली साबित होंगी। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने इस बार उद्योग हितैषी सोच के साथ कई महत्वपूर्ण कस्टम्स ड्यूटी राहतों की घोषणा की है। इन फैसलों से न केवल देश की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता मजबूत होगी, बल्कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति भी बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (स्र्श्व) की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स को घरेलू बाजार में एक बार बिक्री की अनुमति देने की व्यवस्था की है। इससे स्र्श्व में स्थापित इकाइयों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए अतिरिक्त अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिरता बढ़ेगी।

आलोक बिंदल ने कहा कि रशा क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विमान मरम्मत (एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस) में उपयोग होने वाले कच्चे माल पर बेसिक कस्टम्स ड्यूटी से छूट देने का निर्णय सराहनीय है। इसके साथ ही नागरिक प्रशिक्षण विमानों के पार्ट्स को भी क्रष्ठष्ठ से मुक्त रखा गया है, जिससे देश में एविएशन ट्रेनिंग और मेंटेनेंस सेक्टर को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय उत्पाद शुल्क की गणना में अब बायोगैस मिश्रित ष्टह्र के मूल्य को शामिल नहीं किया जाएगा। यह कदम स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ परिवहन और ऊर्जा क्षेत्र में लागत को कम करने में सहायक होगा। इसके अलावा बजट में महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित पूंजीगत वस्तुओं पर बेसिक कस्टम्स ड्यूटी से छूट की घोषणा की गई है। आलोक बिंदल के अनुसार इससे खनिज आधारित उद्योगों में निवेश बढ़ेगा, उत्पादन लागत घटेगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। अंत में उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यह बजट उद्योगों के लिए सकारात्मक संकेत देता है और सरकार की मेक इन इंडिया।तथा आत्मनिर्भर भारत की सोच को मजबूती प्रदान करता है। छत्तीसगढ़ जैसे औद्योगिक संभावनाओं वाले राज्य को भी इन घोषणाओं का सीधा लाभ मिलेगा।

धर्म समाचार....

गो सम्मान आह्वान यात्रा का एक मार्च को होगा छग में प्रवेश

दो मार्च को रायपुर में होगी कार्यशाला

अरविन्द तिवारी

रायपुर (नांदगांव टाइम्स) । गौमाता को सम्मान दिलाने के उद्देश्य से इन दिनो पूरे भारत वर्ष में एक अनोखा अभियान गो सम्मान आह्वान अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत भारत के प्रत्येक राज्यों में एकदिवसीय कार्यशाला होने जा रहा है , भारत के प्रमुख संत इन कार्यशालाओं को संबोधित करेंगे। इसी कड़ी में 01 मार्च को अंगुल - संबलपुर (उड़ीसा) से होते हुये यह यात्रा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर प्रवेश कर रात्रि विश्राम करेगी। इसके पश्चात दूसरे दिन 02 मार्च को प्रात: आठ बजे से सायं छह बजे तक बैठक होगी।

यहां आयोजित कार्यशाला के समापन पश्चात यह यात्रा देर शाम रायपुर (छत्तीसगढ़) से भंडारा (महाराष्ट्र) के लिये रवाना हो जायेगी।गौरतलब है कि आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी अनेकों राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में निर्बाध गोवध हो रहा है , गो अपमानित हो रही है , निराश्रित विचरण कर रही है , असंख्य गोवंश अत्यधिक दुखी है। उसे सम्मान दिलाने के लिये देश भर में गहन प्रचार प्रसार एवं जनसंपर्क कर सभी संतान भारतीय समाज को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। तत्पश्चात पूर्ण तैयारी करके 27 अप्रैल 2026 (सोमवार) को उस क्षेत्र के सभी गोभक्तों एवं संतों के साथ मिलकर तहसील /ब्लॉक मुख्यालय जाकर सक्षम अधिकारी तहसीलदार/ एसडीएम को माननीय राष्ट्रपति महोदया , भारत के प्रधानमंत्री महोदय , राज्य के माननीय राज्यपाल महोदय , राज्य के मुख्यमंत्री महोदय के नाम गो सेवा , गो सुरक्षा और गो सम्मान के निमित्त प्रार्थना पत्र सौंपेंगे। इस अभियान के अध्यक्ष नंदी बाबा और प्रधान संरक्षक भगवती गौमाता होगी। किसी संस्था और संगठन के बैनर तले और किसी व्यक्ति या संत के नेतृत्व में काम ना होकर , नंदी बाबा की अध्यक्षता और गौ माता की प्रधान संरक्षता में यह कार्य होगा। इसके अलावा शेष सभी भारतीय संत महापुरुष , गो सेवक भाई - बहन धरातल पर अभियान विषयक काम निष्कामतापूर्वक देखेंगे। संतों का मानना है कि एक ही दिन 27 अप्रैल 2026 को देश भर के पचास / साठ लाख गोभक्तों की एक साथ गो सेवा , गो रक्षा और गो सम्मान की शांतिपूर्ण मांग उठेगी , तो सरकार निश्चित रूप से इस कार्य को करने का मन बना ही लेगी। सरकार विचार करेगी कि देश का कोना-कोना जाग गया है और गो रक्षा की शांतिपूर्ण माँग कर रहा हैं , तो अब हमें यह कार्य करना ही है। ऐसा विश्वास है कि सरकार निश्चित ही सुनेगी और गो हत्या पर प्रतिबंध लग जायेगा। गो सेवा , सुरक्षा को लेकर केंद्रीय नीति बन जायेगी , गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान मिल जायेगा , गो सम्मान आह्वानअभियान गो सेवा का कार्य सुचारू रूप से प्रारम्भ हो जायेगा। सम्पूर्ण भारत वर्ष की गोचर भूमि अवैध कब्जे से मुक्त हो जायेगी और गोचर का उपयोग सिर्फगोवंश के लिये होगा , चारा माफिया पर लगाम लगेगी , गो आधारित कृषि को बढ़ावा मिलेगा , गो उत्पादों का उपयोग बढ़ेगा , पंचगव्य औषधियों से उपचार को बल मिलेगा , जिससे पूरे विश्व का मंगल होगा।

सावधान! आर्थिक तंगी की वजह हो सकता है गलत दिशा में बना बाथरूम, पढ़ें वास्तु नियम

घर को बनवाते समय वास्तु शास्त्र से जुड़े नियम का पालन जरूर करना चाहिए। इससे घर में हमेशा सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है। साथ ही सुख-शांति बनी रहती है, लेकिन गलत दिशा में बाथरूम होने से परिवार के सदस्यों के जीवन में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है और वास्तु दोष लग सकता है, तो आइए इस आर्टिकल आपको बताते हैं कि किस दिशा में बाथरूम होने से जीवन खुशहाल रहता है।

बाथरूम के लिए कौन-सी दिशा है शुभ ?- वास्तु शास्त्र की मानें तो बाथरूम के लिए उत्तर-पश्चिम दिशा को शुभ माना जाता है। इस दिशा में बाथरूम होने से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है। इसके अलावा पश्चिम दिशा में भी बाथरूम बनवा सकते हैं। अगर आप जीवन में वास्तु दोष का सामना कर रहे हैं, तो इसकी वजह गलत दिशा में बना बाथरूम हो सकता है। इसलिए बाथरूम को बनवाने से पहले वास्तु शास्त्र के नियम के बारे में जरूर जान लें।

इन दिशाओं में बनवाएं बाथरूम- बाथरूम को उत्तर-पूर्व दिशा में नहीं बनवाना चाहिए। इस दिशा को देवताओं का स्थान माना जाता है। इस दिशा में बाथरूम होने से आर्थिक तंगी की समस्या बन सकती है। इसके अलावा घर के बीच में बाथरूम बनवाने से बचना चाहिए। इससे वास्तु दोष लगता है, जिसका प्रभाव परिवार के सदस्यों पर पड़ता है।

कैसा होना चाहिए पानी का बहाव ?- बाथरूम के अंदर पर्श का ढलान पूर्व या फिर उत्तर दिशा की ओर होना चाहिए। वास्तु के अनुसार, इस दिशा को जल की निकासी के लिए उत्तम माना जाता है।

किस दिशा में होनी चाहिए टॉयलेट सीट ?

बाथरूम में टॉयलेट को इस तरह लगाएं कि बैठते समय इंसान का मुंह दक्षिण या उत्तर दिशा की तरफ होना चाहिए। पूर्व या पश्चिम की तरफ मुंह करके बैठना उत्तम नहीं माना जाता है।

इन बातों का रखें ध्यान- बाथरूम में उत्तर या पूर्व की दीवार पर नल और शावर पर लगवाना चाहिए।

इसके अलावा बाथरूम में उत्तर या पूर्व की दीवार पर शीशा लगाएं। इससे सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

nandgaon times feb-03-4.qxd 2/2/2026 11:56 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

यूथ क्लब और एम सी इलेवन के बीच खिताबी भिड़ंत

स्व.ए आर देवांगन स्मृति हॉकी प्रतियोगिता का आज फाइनल मैच व समापन समारोह

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला हॉकी संघ राजनांदगांव और सीनियर मॉर्निंग ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में स्व. ए.आर. देवांगन स्मृति 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता के तहत आज पहला सेमीफाइनल मैच स्वस्तिक क्लब विरुद्ध यूथ क्लब के मध्य खेला गया फाइनल में जगह बनाने उतरी यूथ क्लब ने मैच के 3रे और 8वे विवेक यादव और आदित्य मेश्राम ने गोल करते हुए 2-0 गोल से बढ़त बनाई वहीं मैच के 13 वे मिनट में स्वस्तिक क्लब के शकील अहमद के गोल के बदौलत स्कोर 2-1 पर ला दिया किंतु यूथ क्लब के शानदार खेल के प्रदर्शन के चलते मैच के 20वे मिनट और 22वे मिनट फिर से विवेक यादव और आदित्य मेश्राम ने गोल कर स्कोर 4-1 कर लिया मैच के 26वे मिनट स्वास्तिक क्लब को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे आशीष सिन्हा ने गोल में बदलकर स्कोर 4-2 कर लिया मैच के 27वे और 28वे मिनट मनीष सोनी और प्रिंस भाटिया ने गोल करते हुए स्कोर 6-2 कर लिए वहीं मैच के अंतिम क्षणों स्वस्तिक क्लब को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे टीम के अनीस रज़ा ने गोल में तब्दील की फिर भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा और यूथ क्लब ने फाइनल में अपना जगह सुनिश्चित की। आज का दूसरा सेमीफाइनल मैच एम सी इलेवन विरुद्ध पैंथर्स क्लब के बीच खेला गया इस एकतरफा मुकाबले में एम सी इलेवन ने पेंथर्स क्लब को 7-3 गोल से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई

एम सी इलेवन की ओर से तौफीक अहमद ने 3 गोल प्रकाश पटेल ने 2 गोल और युवराज साहू और धनंजय यादव ने 1 -1 गोल किया वहीं पैंथर्स क्लब की ओर से समीर यादव ने 2 गोल और सन्नी यादव 1 गोल ही कर पाई। और मैच को एम सी इलेवन एकतरफा मुकाबले में 7-3 गोल जीत

दर्ज के फाइनल में अपनी जगह बनाई।

मैच के शुरुवात में वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी कुतुबुद्दीन सोलंकी,रमेश डाकलिया,आर एस तिवाना, छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी, शैबी जयंत अलप्पा,उपाध्यक्ष एम वाय कुरैशी ,आशा थामस,शिवनारायण धकेता,नीलम जैन,भूषण साव,छोटे लाल रामटेके,महेंद्र सिंह ठाकुर, शिवा चौबे,अजय झा, जयंत अलप्पा सहित उपस्थित सभी अतिथियों ने मैदान के बीच पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। वहीं आज के पहले मैच में यूथ क्लब के मनीष सोनी को दूसरे मैच में एम सी इलेवन के युवराज साहू को उपस्थित अतिथियों ने मैन ऑफद मैच से पुरस्कृत किया।

आज के मैच में खेमराज सिन्हा,शकील अहमद,अभिनव मिश्रा,तौफीक अहमद,कृष्ण यादव सुखदेव निर्मलकर,किशोर धीवर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। आज के मैच में प्रमुख रूप से जिला हॉकी संघ के कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, प्रिंस भाटिया,मृणाल चौबे,प्रकाश शर्मा,अजय झा,दीपक यादव,चंदन भारतद्वाज,भागवत यादव,महेंद्र सिंह,संतोष चौकेंद्र,गुणवंत पटेल,दिग्विजय श्रीवास्तव,शब्बीर हैदरी,परमजीत सिंह,खुशाल यादव,अशोक देवांगन,सचिन खोबरागड़े, योगेश द्विवेदी,संजू पटेल,आयोजन सचिव आशीष सिन्हा,अशोक नागवंशी,महबूब शरीफ,सुरेंद्र साहू,मुकेश जायसवाल,मनीष यादव,योगेश द्विवेदी,अखिलेश मिश्रा,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अपील- अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही स्व. ए आर देवांगन स्मृति 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता जो कि दिनांक 28 जनवरी से आयोजित कि गई उसका फाइनल मैच व समापन समारोह आज 03 फरवरी को अपरांह 4 बजे श्री मधुसूदन यादव (महापौर नगर पालिक निगम) श्री सुमित भाटिया अध्यक्ष उत्तर मंडल, प्रशांत गुप्ता (गोलू) अध्यक्ष दक्षिण मंडल, श्री प्रखर श्रीवास्तव अध्यक्ष जिला भाजपा युवा मोर्चा, हेतल भोजानी उपाध्यक्ष उत्तर मंडल,के उपस्थिति में सम्पन्न होगा जिसमे आयोजन समिति ने खेलप्रेमी जनता से अपेक्षा की है कि मैदान में उपस्थित होकर खिलाडियों का उत्सहावर्धन करें।

मनेरी में महिला जागृति शिविर का आयोजन सम्पन्न

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम मनेरी में महिला जागृति शिविर आयोजित किया गया, कार्यक्रम में जनपद

पंचायत के सभापति विवेक मंडावी की उपस्थिति में उनके द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं का पारंपरिक गोद भराई कार्यक्रम भी संपन्न हुआ, जिसमें मातृत्व स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल के विषय में मार्गदर्शन दिया गया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल रही है, कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभापति विवेक मंडावी, सभापति ममता पटेल, ग्राम सरपंच भीषण साहू, सेक्टर प्रभारी गीतांजली दीवान, आंगनबाड़ी सहायिका और कार्यकर्ता, मितानिन एवं समस्त ग्राम की महिलाएं उपस्थित रही कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए खुर्सी दौड़, मटका फोड़ जैसे खेल भी कराया गया।

श्रीराम मानस महायज्ञ में निर्मला जितेंद्र सिन्हा को किया गया सम्मानित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लाल बहादुर नगर नगर पंचायत में 27 जनवरी से 4 फरवरी तक आयोजित श्रीराम मानस महायज्ञ श्रद्धा

और भक्ति के वातावरण में निरंतर संपन्न हो रहा है। इस पावन आयोजन की कथा वाचन अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथावाचक परम पूज्य संत चिन्मयानंद बापूजी (हरिद्वार) द्वारा किया जा रहा है, जिसे सुनने प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। महायज्ञ के दौरान राजनांदगांव सिन्हा समाज महिला मंच की जिला अध्यक्ष निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने व्यास पीठ पर पहुंचकर संत चिन्मयानंद बापूजी से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा उन्हें भगवान श्रीराम की फोटो फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र कुमार साहू, प्रमोद अग्रवाल, जितेंद्र सिन्हा, मनसुख साहू, नोबेल साहू, रमेश यादव, धालू साहू, मुग लाल साहू, पवन यादव, चेतन साहू, राकेश सिन्हा, सोमनारायण साहू, छविराम साहू, नरेंद्र देवांगन, लक्ष्मी रजक, योगेश साहू, मोरध्वज साहू, रामजी साहू, उषा यदु, वेदराम ताम्रकार, पूनम साहू, घनश्याम वैष्णव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

GSTIN - 22CFIPS4398B1Z1
अन्नपूर्णा ट्रेडर्स
• हार्डवेयर • सेनेटरी
• टाईल्स • पेन्टस
MEENA / OMPRAKASH SAHU
8103343687 7974168831
9685679679
पता - करवर चौक, बाई पास रोड, रेवाशिव, राजनांदगांव (छ.ग.)

मन को जीतना ही बड़ा हुनर है- इंजी. नीरज बाजपेयी

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ''बेहतर सोचकर ही आप जीवन में श्रेष्ठ कर सकते हैं। यदि नकारात्मक विचारों से दूर रहा जाए तो मन को आसानी से एकाग्र किया जा सकता है। अपना मूल्य आंककर ही अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश होनी चाहिए।'' उक्त विचार संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं शिक्षाविद इंजी. नीरज बाजपेयी ने नीरज विद्या मंदिर, मोहड़ में आयोजित ब्लेसिंग सेरेमनी समारोह में रखे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम जिस तरह से सोचते हैं ठीक उसी तरह से हम बनते चले जाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीपप्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ।

एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने कहा कि विद्यार्थियों को खुद पर भरोसा होना चाहिए। अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए अपना लक्ष्य तय कर लेना चाहिए। बच्चों को संघर्ष से ना घबराने की सीख भी दी। संस्था प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि चुनौतियों का सामना करते हुए ही अपने आपको प्रखर बनाया जा सकता है। उन्होने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर भी अपना मार्गदर्शन बच्चों को दिया। 12वीं के विद्यार्थियों ने संस्था द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के प्रति कृतज्ञता ज़ाहिर की और अपने अपने संस्मरण भी सुनाए। कार्यक्रम को संस्था के शिक्षकों ने भी संबोधित किया और बच्चों को बेहतर करने की शुभकामनाएँ दीं। सीनियर्स को आकर्षक उपहार संस्था द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, श्री रितेश शर्मा, श्री नीरज कोटड़िया, सुश्री कुंतल बाजपेयी एवं प्रशासक श्री जी राम सिन्हा की प्रेरक उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन व्याख्याता डॉ लोकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार से हुआ। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में संस्था के शिक्षक श्री घनश्याम तिवारी ने दी।

विद्युत विभाग ने मुरलीधर को सेवानिवृत होने पर सम्मान किया

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित, पदगुड़ा द्वारा विद्युत विभाग से सेवानिवृत्त लाइन इंस्पेक्टर मुरलीधर मंडावी के सम्मान में एक गरिमामय

सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति की ओर से मुरलीधर मंडावी को विद्युत विभाग में दी गई उनकी दीर्घ, निष्ठावान एवं कर्तव्यनिष्ठ शासकीय सेवा तथा समिति के सदस्य के रूप में उनके सहयोग एवं योगदान के लिए सम्मान-चिन्ह, शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष बी. एस. मंडावी ने कहा कि श्री मंडावी ने अपने सेवा काल में ईमानदारी, अनुशासन एवं कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य करते हुए विभाग और समिति दोनों को गौरवान्वित किया है। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद एवं सम्मानपूर्ण जीवन की शुभकामनाएँ भी दीं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्री मंडावी, उपाध्यक्ष नेकराम मंडलोई, सचिव हिमोद मंडलोई तथा सदस्यगण हीरासिंह कौशल, मथूलाल चन्द्रवंशी, मूंगा चन्द्रवंशी, चमनलता मंडावी, तिजउ कौशल एवं रुपलाल मंडावी उपस्थित थे।

ग्राम बुद्धानछापर में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया

कलकसा (डोंगरगढ़)। .वनांचल क्षेत्र बुद्धानछापर गांव में नशा मुक्ति अभियान के तहत सार्वजनिक महिला पुरुष नवजवान साथियों का बैठक रविवार को किया गया जिसमें नशा मुक्त गांव बनाने पर चर्चा हुई बैठक सभा के बीच में 10 व्यक्ति जो शराब के आदी हो चुके थे । उन्होंने जीवन भर शराब छोड़ने का वचन दिया एवं गांव के नवजवान साथी जिसके उम्र 10वर्ष से अधिक और शादी नही हुआ है ।उसको नशा प्रतिबंधित किया गया है ।एवं गांव में दिन में शराब

पीकर बेवजह घुमना मना है। सभा का संचालक थनवार मंडावी व दुर्गेश साहु दोनों ने सभी तथ्यों को ध्यान रखते हुए संचालन किया । अध्यक्षता-अरुण कुमार कंवर ग्राम पटेल, सभापति -रोहित लाल गंगासागर,आशा राम सिन्हा,सोनउ राम कंवर,गनेशुराम सिन्हा,दीना राम मंडावी, ओमप्रकाश सिन्हा, विशेष अतिथि -श्रीमती रेखा नोहर सिन्हा, एवं समस्त बुद्धानछापर पंचगण गांव परिवार के 300 उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

मतदाता सूची से नाम विलोपन के षड्यंत्र पर कांग्रेस का विरोध, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। आज दिनांक 02 फरवरी 2026 को नगर पंचायत छुरिया में विधायक खुन्जी भोलाराम साहू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा मतदाता सूची से कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम षड्यंत्रपूर्वक विलोपित किए जाने के मामले को लेकर विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि फॉर्म-7 में गलत एवं भ्रामक जानकारी भरकर कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा तहसीलदार छुरिया एवं थाना प्रभारी छुरिया को ज्ञापन सौंपते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की

गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक छन्नी साहू, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया धर्मेन्द्र साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुमरदा प्रताप धावड़े, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, जनपद सदस्य चुम्मन साहू, जनपद सदस्य चन्द्रिका वर्मा, एकनाथ सिन्हा, पार्षद सोनू खान, राजिल कुरैशी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, तरुण सिन्हा, सतीष पटेल, अकील मेमन सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाने की किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी।

लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवपूर्ण सम्मान

सदस्यता वृद्धि, फूड फॉर हंगर और शिक्षा प्रोजेक्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिली बड़ी उपलब्धि

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी ने सेवा, समर्पण और संगठनात्मक क्षमता का उत्कृष्ट परिचय देते हुए एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। दिनांक 1 फ़रवरी को अमरकंटक में आयोजित लायंस कैबिनेट मीटिंग में क्लब को डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष एम जे एफलायन अमित खण्डेलवाल को पूरे डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के 136 क्लबों में राजनांदगांव सिटी सर्वाधिक 24 नए सदस्य जोड़ने की उपलब्धि पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि क्लब की सक्रियता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी को फूड फ़ॉर हंगर जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक आयोजन में उत्कृष्ट योगदान के लिए पूरे भारत वर्ष के क्लबों में उच्च स्थान प्राप्त हुआ है। इस सराहनीय कार्य के लिए भी क्लब को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही इंटरनेशनल प्रेसिडेंट लायन ए. पी. सिंह जी के जन्मदिवस के अवसर पर सर्वाधिक सदस्य जोड़ने के लिए भी क्लब को विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा। मीटिंग में रीजन चेयर पर्सन एम जे एफ लायन राजकुमार शर्मा एवं जोन चेयर पर्सन लायन शारदा तिवारी द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस दौरान लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा च्सबको शिक्षा, सबको सम्मानज्ज के उद्देश्य से ग्राम तिलई, राजनांदगांव स्थित प्रेरणा विद्यापीठ स्कूल को परमानेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत चयनित कर उसका संचालन करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। आगे चलकर इस विद्यालय का नाम लायंस प्रेरणा विद्यापीठ, तिलई, राजनांदगांव रखा जाएगा जिससे

शिक्षा के क्षेत्र में क्लब की स्थायी और दूरगामी सेवा सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में रीजन सचिव लायन प्रकाश सांखला, लायन टीना खण्डेलवाल (चार्टर प्रेसिडेंट, लियोनेस क्लब राजनांदगांव) सहित अनेक लायन सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। 1 फ़रवरी को माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर अमरकंटक में माँ नर्मदा के पावन चरणों में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के समस्त सदस्यों की ओर से विशेष प्रार्थना की गई एवं पूरे क्लब की उन्नति, सेवा और सफलता की कामना की गई। उक्त संपूर्ण जानकारी लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के सचिव लायन मयंक शर्मा द्वारा दी गई।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com